एग्री आर्टिकल्स
(कृषि लेखों के लिए ई-पत्रिका)
वर्ष: 03, अंक: 05 (सितम्बर-अक्टूबर, 2023)
www.agriarticles.com पर ऑनलाइन उपलब्ध
© एग्री आर्टिकल्स, आई. एस. एस. एन.: 2582-9882

कृत्रिम रूप से वातित प्याज भंडारण अपनाएँ मुनाफा कमाएं: एक सफलता की कहानी

(*स्मिता अग्रवाल[1], अमित कुमार[1], आयुषी त्रिवेदी[1], एम के कुरील[1] एवं गुमान सिंह धाकड़[2])
[1]भगवंतराव मंडलोई कृषि महाविद्यालय, खंडवा
[2]प्रभारी, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी, पंधाना, खंडवा
*संवादी लेखक का ईमेल पता: smitaagrwl558@gmail.com

कृषक श्री रघुराज सिंह जी ने बताया कि पूर्व में उनके द्वारा प्याज फसल लगाई जाती थी और खेत से निकालने बाद सीधे मंडी ले जाकर बेचना पड़ती थी क्योंकि प्याज को भंडारित करने की कोई व्यवस्था नहीं थी कभी कभी तो इतने कम दाम में बेचना पड़ता था कि लागत निकलना मुश्किल हो जाता था|

वर्ष 2018-19 में मुझे उद्यानिकी विभाग के अधिकारीयों ने प्याज को भंडारित करने हेतु प्याज भंडार गृह निर्माण करवाने की सलाह दी| मेरे द्वारा अपने स्वयं के खेत पर प्याज भंडार गृह 50 mt क्षमता का निर्माण करवाया जिसमे मुझे 1.75 लाख रुपए अनुदान राशि उद्यानिकी विभाग द्वारा निर्माण पश्चात् दी|

कृषक द्वारा बताया गया कि वह बिगत 3 वर्षों से अपनी प्याज को प्याज भंडार ग्रह में भंडारित कर रहे हैं साथ ही किसान द्वारा प्याज को सडन से बचने व लम्बे समय तक सुरक्षित रखने के लिए देशी तरीके से एक्जोस्ट फेन लगा कर प्याज को भण्डारित करने की व्यवस्था कर रखी हैं| जब बाजार में सही दाम मिलता उस समय प्याज को बेच देते हैं| जिससे किसान को प्याज का अच्छा भाव मिल जाने से अधिक मुनाफा हो रहा हैं|

मेरे द्वारा मार्च 2020 में प्याज के 1000 कट्टे भंडारित किये उस समय प्याज का भाव लगभग 7 /- रुपए/kg चल रहा था मेरे पास भण्डारण की उचित व्यवस्था होने से प्याज को भंडारित किया उसके बाद जब अगस्त माह में भाव 25 रुपए/kg हो जाने पर बेचा, लेकिन अगस्त तक सिर्फ 600 कट्टे छटनी करने बाद प्याज बची जिसका बाजार मूल्य 7.50 लाख हुआ| जिससे मुझे बहुत मुनाफा हुआ| जबकि इसी प्याज को यदि मार्च में बेचता तो सिर्फ 3.50 लाख में ही बिकती|

इसी तरह मेरे द्वारा अप्रैल 2021 में प्याज के 1700 कट्टे भंडारित किये उस समय प्याज का भाव लगभग 5 -7 /- रुपए/kg चल रहा था मेरे पास भण्डारण की उचित व्यवस्था होने से प्याज को भंडारित किया उसके बाद जब अगस्त सितम्बर माह में भाव औसत 700 रुपए/कट्टा हो जाने पर बेचा, जिसका बाजार मूल्य 11.90 लाख हुआ| जिससे मुझे बहुत अच्छा मुनाफा हुआ| इसी तरह इस वर्ष भी प्याज के 1900 कट्टे मेरे पास भण्डारण की उचित व्यवस्था होने के कारण भंडारित किये गए

कृषक का सामान्य परिचय
कृषक का नाम – श्री रघुराज सिंह S/0 श्री लक्ष्मण सिंह
ग्राम – घाटाखेड़ी
विकासखंड –पंधाना, जिला – खंडवा (म.प्र.)
कृषक का कुल रकवा – 2.0 हेक्टे. , रोपित उद्यानिकी फसलें – पपीता, प्याज

कृत्रिम रूप से वातित प्याज भंडारण प्रौद्योगिकी